तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ

तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,
तू मेरा हो गया देखते देखते,

देखते ही तेरी प्यारी चितवन प्रभु,
दिल फ़िदा हो गया देखते देखते,
तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,
तू मेरा हो गया देखते देखते,

ज़िंदगी में बहुत मुश्किलें थी मगर,
मिट गई हर गीला देखते देखते,
हुए रोशन मेरे रात दिन और सभी,
ऐसा दीपक जला देखते देखते,
तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,
तू मेरा हो गया देखते देखते,

सोचता हु के तेरे किरपा से प्रभु क्या से क्या हो गये देखते देखते,
जो फकीरी में दिन काट ते थे कभी बादशाह हो गये देखते देखते,
तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,

तेरी सोहनी सी सूरत जो देखि प्रभु,
दिल का गुलशन खिला देखते देखते,
सोचता हु मैं शुकराना कैसे करू,
ऐसा दिलबर मिला देखते देखते,
तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,

तुमसे मिलने मिलाने का दिल जो करे बन गया सिलसिला बन गया देखते देखते,
खाटू में श्याम भक्तो का चोखानी को मिल गया काफिला देखते देखते,
तू तो आँखों से इक पल न ओजल हुआ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9281/title/tu-to-ankho-se-ik-pal-na-ojal-hoya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |